भारत सरकार
विदेश मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 884
दिनांक 26.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

विदेशों में भारत विरोधी तत्व

884. **श्री खलीलुर रहमानः**

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के ध्यान में यह बात आई है कि भारत विरोधी तत्व देश को अस्थिर करने के लिए अमरीका और कनाडा से कार्य कर रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो वैसे लोगों के विरुद्ध क्या राजनयिक कदम उठाए गए हैं जो उन संबंधित देशों के नागरिक होने के नाते ऐसे तत्वों का बचाव करते हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)

(क) सरकार को जानकारी है कि विभिन्न प्रकार के चरमपंथी तत्वों को विशेष रूप से हमारी राजनयिक उपस्थिति के विरुद्ध कनाडा में अपनी गतिविधियों को स्वतंत्र रूप से चलाने के लिए राजनीतिक स्थान दिया गया है । अमेरिका में भी हमारे राजनयिक कर्मियों और संपत्तियों के विरुद्ध ऐसी गतिविधियां हुई हैं जो हमारे लिए चिंता का विषय हैं।

(ख) भारत सरकार ने अपने राजनयिक मिशनों और केन्द्रों के माध्यम से कनाडा और अमेरिका की सरकारों से संपर्क किया है और उनसे न केवल अपने–अपने आंतरिक कानूनों के तहत इन चरमपंथी तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आग्रह किया है बल्कि प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशनों के अनुसार हमारी राजनयिक संपत्तियों और कर्मियों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया है।

*****